D.El.Ed

F4, Unit-2 (e)

* सूचना एवं संचार तकनीकी

सूचना (Information)

⇒ वर्तमान युग को सूचना एवं संचार तकनीकी के क्षेत्र में क्रान्ति के युग के नाम से जाना जाता है। सूचनाएँ किसी विशेष क्रम में व्यवस्थित किए गए आँकड़े की प्रस्तुति है। सूचनाएँ आँकड़ो का संक्षिप्त रूप होती हैं। तकनीकी दृष्टि से देखा जाय तो आँकड़ा, किसी तथ्य, संख्या, नाम, चिन्ह आदि को कहते हैं, जिनके द्वारा सूचनाओं का निर्माण होता है।

सूचना तकनीकी (Information Technology)

आँकड़ो का एकत्रीकरण, संचयन एवं आँकड़ो का सूचना में परिवर्तन और इस सूचना को विश्व के सभी व्यक्तियो में समाज में संचारण की तकनीक ही सूचना तकनीकी कहलाती है।

सूचना तकनीकी में पुस्तकों का मुद्रण, रेडियो, टेलीफोन नेटवर्क, टेलीविजन, समाचार पत्र, कम्प्यूटर आदि आते हैं।

Scanned with CamScanner